No. of Printed Pages : 4

ई.एच.डी.-2

01173

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून - 2012

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.- 2 : हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे | *अधिकतम अंक : 100*

(कुल का 70%)

---

*नोट : **प्रथम** प्रश्न **अनिवार्य** है। शेष **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से ***किन्हीं तीन*** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **12x3=36**

(क) तन की दुति स्याम सरोरुह लोचन

कंज की मंजुलताई हरैं।

अति सुन्दर सोहत धूर भरे, छबि

भूमि आनंद की दूरि करैं।

दमकैं दतियाँ दुति-दामिनि ज्यौं,

किलकें कित बाल विनोद करैं।

अवधेस के बालक चारि सदा, तुलसी

मन मंदिर में बिहरें।

(ख) कूलन में केलि में कछारन में कुंजन में
क्यारिन में कलित कलीन किलकंत है।
कहैं पद्माकर परागन में पॉनहू में
पातन में पिक में पलासन पगंत है।
द्वारे में दिसान में दुनी में देस देस में
देखौ दीप दीपन में दीपत दिंगत है
बीथिन में ब्रज में नबेलिन में बेलिन में
बनन में बागन में बगरयौ बसंत है।

(ग) बीती विभावरी जाग री।
अम्बर पनघट में डुबो रही -
ताराघट उषा नागरी।
खगकुल कुल सा बोल रहा
किसलय का अंचल डोल रहा,
लो यह लतिका भी भर लाई
मधु मुकुल नवल रस गागरी।
अधरों में राग अमंद पिए
अलकों में मलयज बंद किए
तू अब तक सोई है आली
आँखों भरे विहाग री।

(घ) प्रश्न यही रहता है :
दोनों जो अपने बीच एक दीवार बनाए रहते हैं
मैं कब, कैसे उनके अनदेखे
उसमें सेंध लगा दूँ

या भर कर विस्फोटक
उसे उड़ा दूँ।
कवि जो हों, जो कुछ करते हैं करें
प्रयोजन मेरा बस इतना है –
ये दोनों जो
सदा एक दूसरे से तन कर रहते हैं,
कब, कैसे, किस आलोक स्फुरण में
इन्हें मिला दूँ –
दोनों जो हैं बंधु, सखा, चिर
सहचर मेरे।

(ङ) हाय पितामह हार किसकी हुई यह
ध्वंस अवशेष पर सिर धुनता है कौन?
कौन भस्म राशि में विफल सुख ढूँढ़ता है
लपटों से मुकुट का पट बुनता है कौन?
और बैठ मानव की रक्त सरिता के तीर
नियति के व्यंग्य भरे अर्थ गुनता है कौन?
कौन देखता है शवदाह बंधु-बाधवों का
उत्तरा का करुण विलाप सुनता है कौन?

2. आदिकालीन हिंदी कविता की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा कीजिए। 16

3. सूफ़ी सिद्धांत का परिचय देते हुए जायसी के रहस्यवाद पर प्रकाश डालिए। 16

4. "कबीर कवि ही नहीं समाज सुधारक भी हैं।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। 16

5. घनानंद की कविता की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 16

6. "मैथिलीशरणगुप्त नव जागरण के कवि हैं।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। 16

7. महादेवी के काव्य में विरह-वेदना की अभिव्यक्ति किस प्रकार हुई है? सोदाहरण उत्तर दीजिए। 16

8. गजानन माधव मुक्ति बोध के काव्य में वस्तु तथा शिल्प का विवेचन कीजिए। 16

9. प्रबंध काव्य की दृष्टि से कुरुक्षेत्र का मूल्यांकन कीजिए। 16

10. ***किन्हीं दो*** पर टिप्पणी लिखिए। 8x2=16

(क) रहीम के दोहे

(ख) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(ग) प्रगतिवादी काव्य

(घ) नयी कविता

(ङ) पद्माकर